**Roll No.---------------------**

| Paper Code |
| --- |
| **0204** |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
**Question Booklet No.**

**O.M.R. Serial No.**

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
**Question Booklet Series**
**C**

# बी०ए० (भाग–3) परीक्षा–2022

## (0204)

# संस्कृत

## प्रश्नपत्र–(द्वितीय)

**(Natak Kavya Vyakran Avam Nibandh)**
**(New Course)**

समय : 2:00 घण्टा | पूर्णांक–50

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से सभी 100 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**0204**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. नाटक के अन्त में वासवदत्ता को सभी क्या करते है ?

(A) पहचान लेते है

(B) भूल जाते है

(C) स्वप्न के रूप में ही स्थिति बनी रहती है

(D) वासवदत्ता की मृत्यु को स्वीकार कर लेते है

2. स्वप्न वासवदत्तम् की मूल कथा ली गयी है :

(A) महाभारत से

(B) वृहद्कथा से

(C) कादम्बरी से

(D) दशकुमार चरितम् से

3. कः कं शक्तो रक्षितुं मृत्यु काले, वाक्य का भाव है :

(A) मृत्यु की स्थिति में उपाय से बच सकते हैं

(B) जन्म–मृत्यु प्रकृति का विधान है

(C) मृत्यु का समय अनिश्चित है

(D) उक्त में कोई नहीं

4. 'प्रायेणहि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते' श्लोक भाव व्यक्त है :

(A) राजलक्ष्मी का भोग व्यापारी करते हैं।

(B) राजलक्ष्मी का भोग दुष्ट करते हैं।

(C) राजलक्ष्मी का भोग प्रबुद्ध वर्ग करते हैं।

(D) राजलक्ष्मी का भोग उत्साही पुरुष करते हैं।

5. वासवदत्ता की वीणा का नाम है :

(A) वंशी

(B) सितार

(C) घोषवती

(D) उक्त सभी

6. निद्रा काल में उदयन का हाँथ वासवदत्ता द्वारा दबाने का क्या प्रभाव पड़ा ?

(A) पूर्वकालिक स्नेह की स्मृति

(B) जाग्रतावस्था में भी स्पर्शानुभूतिगत रोमाञ्च

(C) स्वप्नगत स्मृति

(D) इनमें कोई नहीं

7. उदयन द्वारा स्वप्न को यथार्थ या भ्रान्ति मानने का क्या अभिप्राय है ?

(A) वासवदत्ता की मृत्यु का दुःख

(B) वासवदत्ता की मृत्यु का भ्रम

(C) उक्त दोनों

(D) इनमें कोई नहीं

8. वासवदत्ता के निधन की वार्ता किसके मध्य हुई ?

(A) पद्मावती व उदयन

(B) वासवदत्ता की माता व उदयन

(C) उदयन व विदूषक

(D) इनमें कोई नहीं

9. उदयन स्वप्न में देखता है :

(A) अङ्गभ्वती

(B) पद्मावती

(C) तापसी

(D) वासवदत्ता

10. स्त्री जाति का स्वभाव सामान्यतः होता है :

(A) मधुर

(B) रौद्र

(C) अधीर

(D) इनमें कोई नहीं

11. महारानी पद्मावती माला गूँथने को किसे कहती है ?

(A) अङ्गभवती

(B) वासवदत्ता

(C) धात्री

(D) कुरञ्जिका

12. योगन्धरायण ने अपने विश्वास पात्रों द्वारा किसका मिथ्या प्रचार कराया ?

(A) उदयन सन्यासी हो गया

(B) वासवदत्ता जलकर भस्म हो गयी

(C) वासवदत्ता का अपहरण हो गया

(D) इनमें कोई नहीं

13. 'अनाहारे तुल्यः प्रतत रुदितक्षामवदनः।' श्लोक छंद प्रयुक्त है :

(A) मालिनी

(B) शिखरिणी

(C) बसंन्ततिलका

(D) हरिणी

14. 'कोऽयं भो! निभृतं तपोवनमिदंग्रामीरोत्याज्ञया।' श्लोक में किस छंद का प्रयोग हुआ है ?

(A) शिखरिणी

(B) मालिनी

(C) शार्दूल विक्रीडित

(D) हरिणी

15. लोकेहि सर्वाश्च बिना प्रयासं रुजो मराणां शमयाम्बभूवुः।' श्लोक में मनुष्यों को निरोगी होने का कारण क्या कहा गया है ?

(A) प्राकृतिक समानता

(B) धार्मिकता

(C) बुद्ध का जन्म लेना

(D) उक्त सभी

16. सहिस्वगाम प्रभया ज्वलन्यादीपप्रभां भास्कर वन्युमोष।' कथन में क्या भाव व्यक्त है ?

(A) बुद्ध के जन्म से सूर्य का तेज और बढ़ गया

(B) सूर्य का तेज समाप्त हो गया

(C) सूर्य का तेज कम जोर पड़ गया

(D) इनमें कोई नहीं

17. अश्वघोष किस धर्म से प्रभावित थे ?

(A) आर्य समाज

(B) सनातन धर्म

(C) शैव धर्म

(D) बौद्ध धर्म

18. अश्वघोष किसके राज्य में थे ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) स्कन्दगुप्त

(C) राजाभोज

(D) कनिष्क

19. बुद्ध के जन्म से किसे प्रसन्नता हुई ?

(A) अत्याचारियों को

(B) कामासक्त पुरुषों को

(C) वायु, सूर्य व अग्नि को

(D) उक्त सभी को

20. रानी माया गर्भ धारण से पूर्व स्वप्न में किसे देखा ?

(A) सिंह

(B) वानर

(C) श्वेत हाथी

(D) इनमें कोई नहीं

21. तानिकृतानि पुत्रैरकृतानिपूर्वैः कथन में भाव व्यक्त है :

(A) पूर्वजों का अनुकरण

(B) पूर्वजों के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करना

(C) पूवजों का विरोध

(D) नयी दिशा प्रदान करना

22. शास्त्रज्ञ ब्राह्मणों ने राजा को क्या उपदेश दिया ?

(A) पुत्र शान्ति की स्थापना करेगा

(B) विश्व विजयी होगा

(C) अर्थसंग्रह करेगा

(D) इनमें सभी

23. बुद्ध के जन्म की दिव्यता से राजा की क्या मनोदशा हुई ?

(A) प्रसन्न

(B) रौद्र

(C) क्षोभयुक्त

(D) इनमें कोई नहीं

24. बुद्ध के जन्म से विश्व में क्या स्थिति हुई ?

(A) विरोध

(B) ईर्ष्या

(C) शान्तचित्त

(D) आर्थिक महत्ता

25. अदृश्यरूपाश्च दिवौकसः खेदस्य प्रभावात्प्रणतैः शिरोभिः।' श्लोक में क्या भाव व्यक्त है ?

(A) ईश्वर अदृश्य है

(B) ईश्वर के प्रति नमन

(C) बुद्धत्व प्राप्ति हेतु अदृश्य देवों ने आशीर्वाद दिया

(D) उक्त सभी

26. सप्तर्षि तारा सदृशो जगामि।' कथन किसके लिए है ?

(A) शुद्धोधन

(B) माया

(C) बुद्ध

(D) इनमें कोई नहीं

27. बुद्ध का जन्म किस वंश में हुआ ?

(A) गुप्तवंश

(B) यादववंश

(C) चोलवंश

(D) शाक्यवंश

28. बुद्ध के जन्म से किसे कष्ट हुआ ?

(A) ब्रह्मा

(B) शिव

(C) कामदेव

(D) इन्द्र

29. बुद्ध का दूसरा नाम था :

(A) प्रतिगत

(B) तथागत

(C) प्रजागत

(D) दिवंगत

30. बुद्ध के जन्म का मूल कारण था :

(A) शाक्यवंश की उन्नति

(B) राक्षसों का विनाश

(C) राजनीति में सुधार

(D) संसार के कल्याणार्थ

31. उदयन किस देश का राजा था ?

(A) लङ्का

(B) अयोध्या

(C) कश्मीर

(D) वत्स देश

32. स्वप्नवासवदत्तम् है :

(A) प्रकरण

(B) नाटक

(C) नाटिका

(D) कथा

33. हला पद नाटक में किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(A) पिता

(B) सखी

(C) माता

(D) भगिनी

34. इनमें स्वप्नवासवदत्ता का पात्र नहीं है :

(A) ब्रह्मचारी

(B) पद्मावती

(C) बसन्तक

(D) प्रियंवदा

35. 'अनेन परिहर्न्सन व्याक्षिप्तं मेमनस्त्वया' कथन किसका है ?

(A) राजा का

(B) विदूषक का

(C) पद्मावती का

(D) वासवदत्ता का

36. पद्मावती बहुमता मम यद्यपि रूपशीलमाधुर्यैः।' पद्यगत भाव क्या है ?

(A) राजा पद्मावती के प्रति समर्पित है

(B) पद्मावती को सौंदर्ययुक्त देखकर वासवदत्ता को विस्मृत नही कर पाते है

(C) दोनों को समान रूप में चाहते है

(D) इनमें कोई नहीं

37. 'वयमिव कान्तावियुक्ताः स्युः।' पद्य में क्या कहा गया है ?

(A) लता हिलाने से भ्रमर छिन्न–भिन्न होंगे

(B) पारस्परिक सम्मिलन होगा

(C) सौंदर्य व स्नेह की पुष्टि होगी

(D) इनमें कोई नहीं

38. 'पञ्चेषुर्मदनोयदा कथमयंषष्ठः शरः पातितः' में क्या भाव व्यक्त है ?

(A) वासवदत्ता के प्रथम सम्मिलन के पश्चात पद्मावती के प्रति कामदेव का छठा बाण किसने चलाया

(B) पद्मावती के प्रति अनन्यता

(C) वासवदत्ता के प्रति विस्मृति

(D) उक्त सभी

39. पद्मावती के विवाहोत्सव से वासवदत्ता की मनोदशा क्या थी ?

(A) प्रसन्नतायुक्त

(B) रौद्र रूपयुक्त

(C) पति को पराया जानकर दुखी हो गयी

(D) इनमें कोई नहीं

40. 'खगा वासोपेताः सलिलमवगाढो मुनिजनः, श्लोकांश में किस समय का वर्णन है ?

(A) प्रातः

(B) मध्याह्न

(C) रात्रि

(D) सायं

41. 'शक्ता चारित्रं रक्षितुं मे भगिन्याः।श्लोकांश में क्या भाव व्यक्त है ?

(A) बहन के धन की रक्षा

(B) चरित्र की रक्षा

(C) परिवार की रक्षा

(D) उक्त सभी

42. 'कस्याद्य किं दीयताम्' कथन किसे देने के लिए कहा गया है ?

(A) नगरवासियों के लिए

(B) व्यापारियों के लिए

(C) आश्रमवासियों के लिए

(D) विद्वानों के लिए

43. 'धर्मप्रियानृपसुता न हि धर्मपीड़ामिच्छेत्' में क्या इच्छा स्पष्ट की गयी है ?

(A) राजपुत्री धार्मिक है अस्तु किसी को कष्ट नहीं देना चाहती

(B) यज्ञादि धार्मिक कार्य के प्रति

(C) दानादि कार्य के प्रति

(D) इनमें कोई नहीं

44. परिहरतु भवान् नृपापवादं श्लोकांश में क्या भाव व्यक्त हुआ है ?

(A) आश्रमवासियों को हटा दें

(B) आश्रमवासी लोगों को शिक्षित करें

(C) राजनिन्दा से दूर आश्रमवासियों के प्रति कठोर वचन न कहें

(D) इनमें कोई नहीं

45. यौगन्धरायण पात्र है :

(A) नायक के रूप में

(B) प्रतिनायक के रूप में

(C) प्रधान आमात्य के रूप में

(D) इनमें कोई नहीं

46. स्वप्नवासवदत्तम् में किस रस की प्रचुरता है ?

(A) रौद्र

(B) श्रृङ्गार

(C) वीर

(D) शान्त

47. वासवदत्ता का चरित्र है :

(A) आदर्श पतिव्रता नारी

(B) प्रेमिका के रूप में

(C) तपस्वी जीवन के रूप में

(D) चरित्रहीन स्त्री के रूप में

48. स्वप्नवासवदत्तम् का नायक है :

(A) उदयन

(B) दुष्यन्त

(C) नल

(D) शिशुपाल

49. महाकवि भास प्रणीत है :

(A) मेघदूतम्

(B) कर्पूर मञ्जरी

(C) स्वप्नवासवदत्तम्

(D) इनमें कोई नहीं

50. स्वप्नवासव दत्तम् ग्रन्थ है :

(A) चम्पू

(B) महाकव्य

(C) कथा

(D) नाटक

51. 'बोधाय जातोऽस्मि जगद्धितार्थमन्त्या' श्लोकांश में भाव व्यक्त है :

(A) विश्व कल्याणार्थ यह मेरा अन्तिम जन्म है

(B) आत्मा–परमात्मा के ज्ञान में तल्लीन

(C) सत्य व अहिंसा का पाठ

(D) इनमें सभी

52. कुमार सिद्धार्थ का बाल्यकाल था :

(A) चञ्चलतामुक्त

(B) चिन्तामुक्त

(C) तेजस्वी व कान्तिमान

(D) उक्त सभी

53. बालक सिद्धार्थ की जन्मगत स्थिति क्या थी ?

(A) सामान्य बालक की भांति

(B) अज्ञानी के रूप में

(C) सम्यक ज्ञान युक्त

(D) चञ्चलतायुक्त

54. रानी माया के पुत्र का जन्म किस नक्षत्र में हुआ ?

(A) अनुराधा

(B) पुष्य

(C) हस्त

(D) इनमें कोई नहीं

55. महारानी माया ने गर्भकाल में कहाँ निवास की इच्छा की है ?

(A) राजमहल

(B) तीर्थराजप्रयाग

(C) लुम्बिनी नामक वन

(D) सारनाथ

56. 'वंशाश्रियं गर्भगतां वहन्ती'श्लोक में रानी क्या इच्छा व्यक्त की है ?

(A) सुस्वादुभोजन

(B) नौकाविहार

(C) वनजाने की इच्छा

(D) उक्त सभी

57. महात्मा बुद्ध के पिता का नाम है :

(A) इक्ष्वाकु

(B) शुद्धोधन

(C) शाक्य

(D) महेन्द्र

58. अश्वघोष की भाषा है :

(A) भावानुकूलसंतुलित

(B) सामासिक

(C) व्यासप्रधान

(D) इनमे कोई नहीं

59. बुद्ध चरितम् पुस्तक है :

(A) नाटक

(B) महाकाव्य

(C) कथा

(D) चम्पू

60. महाकवि अश्वघोष की रचना है :

(A) रघुवंश

(B) किरात

(C) नैषध

(D) इनमें कोई नहीं

61. अनादर या तिरस्कार की स्थिति में प्रयुक्त विभक्ति है :

(A) तृतीया

(B) षष्ठी

(C) पंचमी

(D) द्वितीया

62. भीमार्थानां मय हेतुः सूत्र में विभक्ति है :

(A) चतुर्थी

(B) पंचमी

(C) षष्ठी

(D) सप्तमी

63. नमः स्वाहा स्वधा__________ के योग में प्रयुक्त विभक्ति है।

(A) चतुर्थी

(B) पंचमी

(C) सप्तमी

(D) इनमें कोई नहीं

64. ब्राह्मणाय गां ददाति वाक्य में प्रयुक्त है :

(A) चतुर्थी

(B) तृतीया

(C) पंचमी

(D) प्रथमा

65. साधकतम करणम् सूत्र सम्बद्ध है :

(A) द्वितीया

(B) पंचमी

(C) षष्ठी

(D) तृतीया

66. शी, स्था व आस् धातु के पूर्व यदि अधि उपसर्ग है तो क्रियाओं का आधार होगा :

(A) करण

(B) सम्प्रदान

(C) कर्म

(D) अधिकरण

67. गां दोग्धि पयः वाक्य से सूत्र सम्बद्ध है :

(A) कर्मणि द्वितीया

(B) अकथितं च

(C) कर्तुरीप्सिततमंकर्म

(D) इनमें कोई नहीं

68. कर्ता जिसे सर्वाधिक चाहता है, वहाँ प्रयोग होती है :

(A) द्वितीया विभक्ति

(B) तृतीया विभक्ति

(C) चतुर्थी विभक्ति

(D) सप्तमी विभक्ति

69. सम्बोधने च सूत्र में विभक्ति का प्रयोग होता है :

(A) सप्तमी

(B) षष्ठी

(C) प्रथमा

(D) पंचमी

70. लिङ्, वचन व परिमाण में प्रयोग होता है :

(A) द्वितीया विभक्ति

(B) प्रथमा विभक्ति

(C) तृतीया विभक्ति

(D) इनमें कोई नहीं

71. विभातिकायः करूणापराणाम्: कथन का सम्बन्ध है :

(A) परोपकार

(B) सत्यम्

(C) उद्योग

(D) भारतीय संस्कृति

72. भाषासुमधुरामुख्या कथन का सम्बन्ध है :

(A) संस्कृत भाषा

(B) हिन्दी भाषा

(C) पालि

(D) प्राकृत

73. 'यभैतास्तु न पूज्यन्ते कथन का सम्बन्ध है :

(A) नारी सम्मान

(B) देवता का सम्मान

(C) विद्वान का सम्मान

(D) उक्त सभी

74. 'अपि स्वर्णमयी त्यंक्त न ये–लक्षमण रोचते' कथन सम्बद्ध है :

(A) धन से

(B) मातृभूमि से

(C) व्यापार से

(D) सदाचार से

75. स्वधर्मे निधनं श्रेयः कथन का सम्बन्ध है ?

(A) सभी धर्मों का आदर

(B) अपने धर्म के प्रति समर्पण

(C) धर्म के प्रति तटस्थ

(D) इनमें कोई नहीं

76. 'आयुर्विद्या यशोबलम्' कथन किस निबन्ध से सम्बद्ध है ?

(A) सदाचार

(B) परोपकार

(C) उद्योग

(D) सत्सङ्गति

77. 'सर्वेगुणाः काञ्चिन आश्रमन्ति।' कथन में भाव है :

(A) धन में सभी गुण हैं

(B) तपस्या सर्वोपरि है

(C) शान में सभी गुण हैं

(D) उक्त सभी

78. 'वाग्भूषणं भूषणम्' में वाणी किसका आभूषण है ?

(A) व्यापारी

(B) विद्वान

(C) स्त्री

(D) उक्त सभी

79. 'धर्मेणहीनः पशुभिः समानः' कथन का सम्बन्ध है :

(A) सिंह

(B) हाथी

(C) सदाचारी

(D) उक्त (A) व (B)

80. 'साहित्य सङ्गीत कला विहीनः' कथन का सम्बन्ध श्लोक में किससे स्थापित किया गया है ?

(A) विद्वान से

(B) कवि से

(C) पूँछ सींग रहित मनुष्य से

(D) इनमें कोई नहीं

81. द्वन्द्व समास में होते है :

(A) दोनों पद असमान

(B) दोनों पद समान

(C) विशेष्य–विशेषण

(D) प्रथम पद अव्यय

82. पितरौ समास का अर्थ है :

(A) माता और पिता

(B) दो पिता

(C) उक्त दोनों

(D) इनमें कोई नहीं

83. रामकृष्णौ समास विग्रह है :

(A) रामौ कृष्णौः

(B) रामः कृष्णः

(C) रामश्च कृष्णश्च

(D) इनमें सभी

84. वीराः पुरुषाः यस्मिन् विग्रह का सम्बन्ध है :

(A) तत्पुरुष

(B) बहुव्रीहि

(C) कर्मधारय

(D) अव्ययीभाव

85. अहश्च रामिश्च विग्रह सम्बद्ध है :

(A) तत्पुरुष

(B) द्वन्द्व

(C) कर्मधारय

(D) इनमें कोई नहीं

86. शोभनः पुरुषः विग्रह से समास होगा :

(A) सुन्दरं पुरुष

(B) सौंदर्ययुक्त पुरुष

(C) उक्त दोनों

(D) सुपुरुषः

87. यूपायदारु विग्रह का सम्बन्ध है :

(A) अव्ययीभाव

(B) बहुव्रीहि

(C) चतुर्थी तत्पुरुष

(D) द्वन्द्व

88. प्रगतः आचार्यः प्राचार्यः विग्रह है :

(A) तत्पुरुष

(B) कर्मधारय

(C) द्विगु

(D) इनमें कोई नहीं

89. अव्ययीभाव समास है ?

(A) पितरौ

(B) पीताम्बर

(C) अधिहरि

(D) पञ्चाननम्

90. पञ्चानांगवांसमाहारः विग्रह में कौन समास है ?

(A) कर्मधारय

(B) अव्ययीभाव

(C) द्विगु

(D) द्वन्द्व

91. 'विशेषतः सर्व विदां समाजे–विभूषणं मौनमपण्डितानाम्।' श्लोकांश का सम्बन्ध है :

(A) तपस्वी

(B) ज्ञानी

(C) अज्ञानी

(D) इनमें कोई नहीं

92. 'पयः पानं भुजङ्गानां केवलं विष वर्धनम्' श्लोकांश सम्बद्ध है :

(A) शत्रुता

(B) सतर्कता

(C) अनवधानता

(D) मूर्खता

93. अहिंसा परमो धर्मः का सम्बन्ध है :

(A) चन्द्रशेखर आजाद

(B) महात्मा गांधी

(C) सुभाष चन्द्र बोस

(D) राजगुरू

94. 'सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात्' कथन किस निबन्ध से सम्बद्ध है ?

(A) सत्यम्

(B) अहिंसा

(C) अस्तेय

(D) इनमें सभी

95. परोक्षेकार्य हत्तारं, श्लोकांश किस निबन्ध से सम्बद्ध है?

(A) मूर्ख पण्डिताः

(B) चतुरश्चौरः

(C) मित्रता

(D) इनमें कोई नहीं

96. सत्सङ्गति निबन्ध से सम्बद्ध है :

(A) सर्वेभवन्तु सुखिनः

(B) वसुधैवकुटुम्बकम्

(C) सर्वजन हिताय

(D) सत्सङ्गतिःकथनकिन करोति पुसाम्

97. 'वृत्तं पत्वेन संरक्षेत्' कथन सम्बद्ध है :

(A) उद्योग निबन्ध से

(B) सत्यम् निबन्ध से

(C) सदाचार निबन्ध से

(D) संस्कृतभाषायामहत्वम् निबन्ध से

98. 'न चौर्य हार्यं न च राज हार्यम्' कथन का सम्बन्ध है ?

(A) परोपकार निबन्ध से

(B) सदाचार निबन्ध से

(C) विद्या निबन्ध से

(D) बसन्त ऋतु निबन्ध से

99. निबन्ध का समावेश होता है :

(A) दृश्य काव्य में

(B) श्रव्य काव्य में

(C) चम्पू काव्य में

(D) इनमें कोई नहीं

100. निबन्ध में अधिकता होती है :

(A) गद्य भाग

(B) पद्य भाग

(C) गद्य व पद्य समान होते हैं

(D) उक्त सभी

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which All 100 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.